प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.07.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

मतदान

हिमाचल प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण तरीके से जारी है। तीनों निर्वाचन क्षेत्रों के 315 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चलेगा। इन विधानसभा क्षेत्रों में 2 लाख 55 हज़ार 4 सौ 17 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें कांगड़ा और नालागढ़ में पांच–पांच जबकि हमीरपुर से तीन प्रत्याशी शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 93 हज़ार 8 सौ 31, देहरा में 84 हज़ार 6 सौ 94 और हमीरपुर में 76 हज़ार 8 सौ 92 सामान्य मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 6 हज़ार 5 सौ 23 मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के, 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 3 हज़ार 3 सौ 34, शतायु 72, जबकि 2 हज़ार 3 सौ 90 दिव्यांगजन मतदाता हैं। तीनों निर्वाचन क्षेत्रों के मतों की गिनती 13 जुलाई को होगी।

वित मंत्रालय

वित्त मंत्रालय ने निजी क्षेत्र के बैंकों से पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा और जन समर्थ पोर्टल जैसी वित्तीय समावेशन योजनाओं के तहत अधिक ऋण प्रदान करने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य कुशल कारीगरों और रेहड़ी पटरी वालों को अधिक रोज़गार प्रदान कराना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी ने निर्धन कामगारों के लिए रोजगारोन्मुखी योजनाओं की प्रगति पर कल निजी क्षेत्र के बैंकों के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जोशी ने जन समर्थ पोर्टल की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सरकार की ऋण योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। यह प्लेटफ़ॉर्म उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के साथ ही बैंकों को अधिक ग्राहक आकर्षित करने में सहायक है। जोशी ने वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के महत्व पर ज़ोर देते हुए बैंकों से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करने को कहा ताकि इन योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके।

बल्क ड्रग पार्क

केंद्र सरकार ने ऊना जिला के बल्क ड्रग पार्क के कार्यकाल की अवधि मार्च 2026 तक बढ़ा दी है। फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव डॉक्टर अरूणीश चावला की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित योजना संचालन समिति की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रदेश के उद्योग विभाग के निदेशक व बल्क ड्रग फार्मा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश कुमार प्रजापति ने बल्क ड्रग पार्क की बोर्ड कंटूर प्लान व अन्य विवरण प्रस्तुत किये। उन्होंने बीते वर्ष प्रदेश में आपदा के कारण हुए भारी नुकसान से भी समिति को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि आपदा से हुए नुकसान के चलते प्रदेश में विकासात्मक कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। राकेश कुमार प्रजापति ने समिति को विश्वास दिलाया कि परियोजना का कार्य समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा।

<u>डाक विभाग</u>

संचार मंत्रालय के तहत डाक विभाग अगले सौ दिनों में पांच हजार डाक चौपालों का आयोजन करेगा। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग की सौ दिन की कार्य योजना की समीक्षा की और सेवा वितरण में परिवर्तन और कार्यक्षमता में सुधार के विभिन्न उपायों पर विचार–विमर्श किया। मंत्रालय ने कहा है कि इस पहल के तहत डाक चौपाल ग्राम निवासियों और सरकारी पदाधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण सम्पर्क के रूप में काम करेंगी, जिससे दूरी और पहुंच संबंधी बाधाएं कम होंगी। डाक विभाग सौ दिन की इस अवधि में डाकघर निर्यात केन्द्र पोर्टल पर तीन हजार नए निर्यातक पंजीकृत करेगा, ताकि लघु निर्यातकों की सहायता करते हुए ग्रामीण निर्यात को बढावा दिया जा सके।

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज दिन की शुरूआत बादलों के साथ हुई है। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा का भी समाचार है। प्रदेश में पिछले दो–तीन दिनों से मानसून के हल्के रूख के चलते खासकर मैदानी क्षेत्रों में लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से..............</u>

आज समाचार पत्रों ने विधानसभा उपचुनाव से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल के तीन विधानसभा क्षेत्रों में आज डलेंगे वोट, 13 को आएंगे नतीजे। पंजाब केसरी के शब्द हैं–13 उम्मीदवारों का आज फैसला करेंगे 2 लाख 59 हजार मतदाता। दैनिक जागरण और हिमाचल दस्तक का एक जैसा शीर्षक है–देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में मतदान आज। दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक प्रदेश की भावी राजनीति की दिशा व दशा तय करेगा देहरा का नतीजा।

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–लोकतंत्र की मजबूती के लिए आज करें मतदान।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–निजी जमीन पर बना दिया नेरचौक मेडिकल कॉलेज, अब 91 बीघा भूमि लौटाना बना टेढ़ी खीर। दैनिक भास्कर की सुर्खी है–केंद्र से प्रदेश को मिली बड़ी राहत–2 हजार 71 करोड़ के बल्क ड्रग फार्मा पार्क को मिली एक साल की एक्सटेंशन, प्रोजेक्ट बनने से 30 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार।